Mobile No.- 9473942572
E-mail- eeupjnrural22@gmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

पत्रांक 414 / M-8 / 61 दिनांक 15–05–2026

सेवा में

प्रबन्ध निदेशक
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)
लखनऊ।

विषय : **शासन से प्राप्त समाचार पत्र की कटिंग पर की गयी कार्यवाही के सम्बन्ध में।**

महोदय,

बरेली ऑनलाइन /समाचार पत्र दिनांक 15.05.2026 के सन्दर्भ में चाही गयी आख्या निम्न प्रारूप पर प्रेषित –

| क्र0 सं0 | विभाग का नाम | समाचार पत्र का नाम/प्रकाशन का दिनांक | समाचार में अंकित तथ्यों का संक्षिप्त विवरण | विभाग/जिला प्रशासन द्वारा किया गया निदान | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) बरेली | अमर उजाला दिनांक 15.05.2026<br><br>अमृत विचार दिनांक 15.05.2026<br><br>दैनिक जागरण दिनांक 15.05.2026 | **ओवरहेड टैंक झुका, हादसे की आशंका** –<br><br>ओवरहेड टैंक झुका, हादसे की आशंका<br><br>**झुकी पानी की टंकी से दहशत, हो सकता है बड़ा हादसा**–<br><br>झुकी पानी की टंकी से दहशत, हो सकता है बड़ा हादसा<br><br>**आंधी में झुका ओवरहेड टैंक का ढांचा, गांव वालों में दहशत**–<br><br>आंधी में झुका ओवरहेड टैंक का ढांचा, गांव वालों में दहशत | जल जीवन मिशन पेयजल योजना के अन्तर्गत जनपद बरेली के ब्लॉक आलमपुर जाफराबाद के ग्राम पंचायत मझोला के ग्राम मझारा में TPIA (BLG) के प्रतिनिधि एवं मै0 एन0सी0सी0 लि0 के प्रतिनिधि द्वारा संयुक्त निरीक्षण किया गया जिसके अन्तर्गत जांच के दौरान पाया गया कि ओवर हेड टैंक झुका हुआ नही है। स्ट्रक्चर ठीक है।<br><br> | |

ne No.- 9473942572

E-mail- eeupjnrural22@gmailcom

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

## खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम(ग्रामीण),बरेली।

म.न.-69 B, उदयन, महानगर, बरेली, पिनकोड-243006

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | |  | |



अधिशासी अभियन्ता

प्रतिलिपि– सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. जिलाधिकारी महोदय, बरेली।
2. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, बरेली।
3. जिला सूचना अधिकारी, बरेली।

अधिशासी अभियन्ता

# ओवरहेड टैंक झुका, हादसे की आशंका

## ग्रामीणों का आरोप-अधूरे निर्माण के बीच शुरू कर दी जलापूर्ति, तकनीकी जांच कराने की मांग

संवाद न्यूज एजेंसी


**भमोरा।** ग्राम पंचायत मझारा में करोड़ों की लागत से बना ओवरहेड टैंक आंधी के बाद एक ओर झुक गया है। इससे ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी तकनीकी जांच और मरम्मत नहीं कराई गई तो सरदार नगर जैसी बड़ी दुर्घटना यहां भी हो सकती है।

ग्रामीणों के मुताबिक, जल जीवन मिशन के तहत गांव में ओवरहेड टैंक का निर्माण कार्य चार अगस्त 2022 को शुरू हुआ था। करीब एक करोड़ 66 लाख रुपये की लागत की यह परियोजना अब तक पूरी नहीं हुई है। गांव वालों ने बताया कि निर्माण अधूरा होने के बावजूद करीब एक वर्ष पहले गांव में जलापूर्ति शुरू कर दी गई।

ग्राम प्रधान नाथूलाल उर्फ विकल ने बताया कि योजना शुरू होने के बाद ही लापरवाही शुरू हो गई। अब टंकी का ढांचा धीरे-धीरे झुकता जा रहा है। आंधी के बाद इसकी स्थिति और खराब दिखाई देने लगी है। चूंकि टंकी घनी आबादी के बीच बनी हुई है, इसलिए लोगों में हर समय डर बना रहता है।

ग्राम प्रधान ने बताया कि इस संबंध में कई बार उपजिलाधिकारी, जल निगम और संबंधित अधिकारियों को लिखित शिकायत दी गई, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण उमेश राठौर, राजेश सागर, सेवाराम शर्मा, धर्मवीर, चंद्रपाल शर्मा, पप्पू शर्मा और विपिन राठौर समेत सैकड़ों लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि टंकी की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए। निर्माण में लापरवाही मिलने पर संबंधित पर कार्रवाई की जाए।

जल निगम ग्रामीण की अधिशासी अभियंता कुमकुम गंगवार ने बताया कि मामला अब तक संज्ञान में नहीं था। इस प्रकरण की जांच कराई जाएगी।



ग्राम पंचायत मझारा में झुका ओवरहेड टैंक। संवाद

### पूरा ढांचा तक नहीं बनाया

किसानों ने बताया कि अब तक ओवरहेड टैंक का पूरा ढांचा तक नहीं बनाया गया है। खराब जल निकासी व्यवस्था के कारण लगातार पानी खेतों में भर रहा है। इससे गेहूं कटने के बाद तैयार की जा रही अगली फसल की जमीन खराब हो रही है और कई किसानों की सब्जी व अन्य फसलें प्रभावित हुई हैं। गांव में खोदी गई सड़कें भी ठीक नहीं की गई हैं।

# झुकी पानी की टंकी से दहशत, हो सकता है बड़ा हादसा

संवाददाता, भमोरा,

**अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मझारा में जल जीवन मिशन के तहत करोड़ों की लागत से बनी ओवरहेड पानी की टंकी अब ग्रामीणों के लिए खतरे का कारण बन गई है। तेज आंधी और तूफान के बाद टंकी एक ओर झुकी दिखाई देने लगी, जिससे गांव में दहशत फैल गई है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते इसकी तकनीकी जांच और मरम्मत नहीं कराई गई तो सरदार नगर जैसी बड़ी दुर्घटना यहां भी हो सकती है।

करीब 1.66 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली योजना का कार्य वर्ष 2022 में शुरू हुआ था, लेकिन आज तक पूरा नहीं हो सका। आरोप है कि अधूरे निर्माण के बावजूद एक वर्ष पहले जलापूर्ति शुरू कर दी गई। गांव की गलियां पाइपलाइन डालने के बाद



झुकी पानी की टंकी को लेकर ग्रामीणों ने हादसा होने और गांव में भय का माहौल होने की बात कही।

**• अधूरे निर्माण के बीच शुरू कर दी जलापूर्ति, सड़कें टूटीं, खेतों में भर रहा पानी**

टूटी पड़ी हैं और कई स्थानों पर पाइपलाइन से लगातार पानी रिस रहा है।

ग्रामीणों ने निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। किसानों का कहना है कि जलभराव से खेत दलदल बन रहे हैं और फसलें प्रभावित हो रही हैं।

ग्राम प्रधान नाथूलाल उर्फ विकल ने बताया कि कई बार अधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीण उमेश राठौर, राजेश सागर, सेवाराम शर्मा, धर्मवीर, चंद्रपाल शर्मा, पप्पू शर्मा और विपिन राठौर समेत सैकड़ों लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि टंकी की तत्काल तकनीकी जांच कराई जाए और यदि निर्माण में लापरवाही मिली हो तो दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।


ग्रामीणों ने हाल ही में ग्राम पंचायत सरदार नगर में गिरे ओवरहेड टैंक का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां मामूली बारिश में टैंक गिरने से पांच लोग घायल हो गए थे, लेकिन विभाग ने उससे भी कोई सबक नहीं लिया।

# आंधी में झुका ओवरहेड टैंक का ढांचा, गांव वालों में दहशत

**संवाद सूत्र, जागरण भमोरा :** अभी सरदार नगर में गिरे ओवरहैड टैंक का मामला शांत नहीं हुआ कि अब तक एक और ओवरहैड टैंक के स्ट्रक्चर झुकने का मामला सामने आ गया है। ग्राम पंचायत मझारा में बना ओवरहेड पानी का टैंक का स्ट्रक्चर झुक गया है। इसकी स्थिति तब और खराब हो गई जब दो दिन पहले तेज आंधी आई थी।

मझारा के ग्राम प्रधान नाथूलाल उर्फ विकल ने बताया कि गांव में ओवरहेड टैंक का निर्माण चार अगस्त 2022 को शुरू हुआ था। करीब 1.66 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस परियोजना का कार्य आज तक पूर्ण नहीं हो सका है। आरोप है कि ढांचे के ऊपर पानी स्टोर करने का टैंक नहीं बना इससे पहले ही मोटर के जरिए एक वर्ष पूर्व ही गांव में पानी की सप्लाई शुरू कर दी गई थी। आरोप है कि गांव की गलियां खुदी पड़ी हैं, कई स्थानों पर पाइप लाइन डालने के बाद सड़कें ठीक नहीं कराई गईं।

इतना ही नहीं, कई जगह पानी की टोंटियां तक नहीं लगाई गईं, जिससे लगातार पानी बह रहा है और भारी दुरुपयोग हो रहा है। प्रधान नाथूलाल ने बताया कि उन्होंने उपजिलाधिकारी बरेली समेत संबंधित विभागीय अधिकारियों को कई बार लिखित शिकायत देकर सड़क मरम्मत, जल निकासी और जलापूर्ति व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गांव वालों के मुताबिक, ओवरहैड टैंक का स्ट्रक्चर अब झुक गया है, जिससे बड़ा हादसा होने की आशंका बढ़ गई है।



भमोरा क्षेत्र के मझारा गांव स्थित ओवरहेड टैंक का तैयार ढांचा ● जागरण